हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 05 जून 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

1. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की प्राप्ति में किसान, युवा, महिलाएं और आधुनिक तकनीक की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

2. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला में 2,738 करोड़ रुपये की जाईका वित्तपोषित सतत बागवानी संवर्धन परियोजना का शुभारंभ किया।

3. विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने पिपली तथा भिवानी चिड़ियाघर के नवीनीकरण और पक्षी दर्शन पर्यटन सर्कट के विकास की घोषणा की।

4. हरियाणा मे एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत इस वर्ष 1 करोड़ 50 लाख पौधे लगाए जाएंगे।

5. केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने गुरुग्राम के धनकोट में बायोरिमेडिएशन प्रायोगिक परियोजना का उद्घाटन किया।

---

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की प्राप्ति में किसान, युवा, महिलाएं और आधुनिक तकनीक की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। हरियाणा को बागवानी, कृषि व्यापार, कोल्ड चेन, खाद्य प्रसंस्करण और कृषि निर्यात के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाना सरकार की प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री आज पंचकूला में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 2,738 करोड़ रुपये की लागत से जाईका वित्तपोषित सतत बागवानी संवर्धन परियोजना का शुभारंभ तथा हरियाणा कृषि व्यापार एवं कोल्ड चेन केंद्र का शिलान्यास करने के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि ये दोनों परियोजनाएं न केवल किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी, बल्कि हरियाणा की कृषि व्यवस्था को आधुनिक, टिकाऊ एवं लाभकारी बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगी। इस दौरान प्रदेश के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा भी मौजूद रहे। दोनों ने इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया, साथ ही बागवानी विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई।

---

आज पंचकूला में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि स्वच्छ वायु, स्वच्छ जल और स्वच्छ पर्यावरण सरकार की प्राथमिकता है। वायु गुणवत्ता की निगरानी के लिए राज्य में 23 नए परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्र स्थापित किया जा रहे हैं। स्वच्छ एवं टिकाऊ सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने के लिए सरकार 780 अतिरिक्त इलेक्ट्रिक बसें बेड़े में शामिल करेंगी। मुख्यमंत्री ने पिपली तथा भिवानी चिड़ियाघर के नवीनीकरण की घोषणा भी की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पर्यावरण अनुकूल पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा।

---

मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी ने आज कहा कि प्रधामन्त्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत इस वर्ष विभाग द्वारा कुल 1करोड़ 50 लाख पौधों का रोपण किया जाएगा।

---

आज विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरुग्राम में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि हरियाणा के वन एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुए। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने धनकोट में बायोरिमेडिएशन प्रायोगिक परियोजना का उद्घाटन किया।

केन्द्रीय मंत्री ने सेक्टर-102 में मैटेरियल रिकवरी सुविधा और गुरुग्राम नगर निगम द्वारा शहर के 170 पार्कों तक शोधित अपशिष्ट जल पाइप लाइन बिछाने के कार्य का शिलान्यास भी किया। इस दौरान श्री मनोहर लाल, राव नरबीर सिंह व स्थानीय नागरिकों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है।

---

विश्व पर्यावरण दिवस पर आज पंजाब के राज्यपाल एवं केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब लोक भवन में वृक्षारोपण अभियान का नेतृत्व करते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

वृक्षारोपण की यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए राष्ट्रव्यापी अभियान "एक पेड़ माँ के नाम" के अंतर्गत आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य नागरिकों को अपनी माताओं के सम्मान में एक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करना तथा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।इस दौरान पारिस्थितिकीय, सजावटी एवं औषधीय महत्व रखने वाली विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए।

---

हरियाणा का 23वां जिला बनने के बाद आज हांसी में पहली बार शिकायत निवारण समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता शिक्षा मंत्री महिपाल □ंडा ने की। बैठक में रखे गए 10 मामलों में से 7 का मौके पर निपटारा किया गया। मीडिया से बातचीत में शिक्षा मंत्री ने कहा कि रखे गए मामलों में कुछ पारिवारिक व घरेलू थे और एक दो विकास से संबंधित थे। हांसी जिले के विकास लेकर उन्होंने कहा –

---

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा है कि लोकतंत्र की मजबूती और चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता के लिए मतदाता सूचियों का शुद्धिकरण अत्यंत आवश्यक है। आज नरवाना विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चारों मंडलों के 225 बूथों के बूथ अध्यक्षों, बीएलए एक और बीएलए दो की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना चाहिए, जबकि एक से अधिक स्थानों पर दर्ज नामों को नियमानुसार हटाया जाना चाहिए।

---